PMKVY
प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

कैशलेस भुगतान डिजीधन के साथ

स्किल इंडिया की पहल

“इस डिजिटल युग में हमारे पास लोगों की जिन्दगी में ऐसा बदलाव लाने का अवसर है, जिसका कुछ दशक पूर्व कल्पना करना भी कठिन था।”

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

डिजिटल भुगतान क्या है?

डिजिटल भुगतान के माध्यम से आप अपने हाथ में वास्तविक **कागज़ी धन**/मुद्रा लिए बिना लेन-देन कर सकते हैं।

आपके दिन-प्रतिदिन की खरीददारी का भुगतान सीधे आपके बैंक/मोबाइल वैलेट अकाउन्ट से होता है।

डिजिटल भुगतान करने के लिए मुझे क्या करना होगा?

डिजिटल भुगतान के लिए आपके पास एक बैंक अकाउन्ट और निम्नलिखित में से कोई एक होना आवश्यक है:

डेबिट कार्ड

या

मोबाइल फोन

या

AADHAAR

आधार नम्बर

मैं डिजिटल भुगतान कैसे करू?

यदि आपके पास उपर्युक्त में से कोई भी एक चीज है तो आप निम्नलिखित 6 सरल तरीकों से डिजिटल भुगतान कर सकते हैं।

01 आपके बैंक द्वारा जारी डेबिट कार्ड

यदि आपके पास डेबिट कार्ड और पिन नम्बर है तो डिजिटल भुगतान करना सरल है:

डेबिट कार्ड Visa Card, Master Card या Rupay Card हो सकता है।

ये कार्ड 4 अंकों के पिन नम्बर के साथ आपके बैंक द्वारा जारी किए जाते हैं। यदि आपके पास डेबिट कार्ड नहीं है या आपको पिन नम्बर याद नहीं है तो उसे प्राप्त करने के लिए अपने बैंक से संपर्क करें।

1	खरीददारी करने के बाद दुकानदार को मुद्रा देने के बदले अपना डेबिट कार्ड दें
2	दुकानदार कार्ड स्वाइप मशीन में आपका कार्ड स्वाइप करेगा
3	वह आपसे पिन नम्बर डालने के लिए कहेगा – उसमें आपके मोबाइल की भाँति बटन होते हैं। बिना किसी दूसरे को बताए सिर्फ अपना 4 अंकों का पिन नम्बर डालें।
4	दुकानदार आपके रिकॉर्ड के लिए आपको एक रसीद देगा।

भुगतान हो गया, आपके बैंक अकाउन्ट से पैसा कट गया।

किसी भी परिस्थिति में अपने डेबिट कार्ड का पिन नम्बर न बताएं।

02 ई–वॉलेट

इसका उपयोग करना उतना ही सरल है जितना Whatsapp



1. अपने मोबाइल फोन पर ई-वॉलेट; जैसेकि Buddy paytm freecharge आदि डाउनलोड कर लें
2. अपना मोबाइल नम्बर रजिस्टर करें
3. उसे अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड के साथ या नेट बैंकिंग से जोड़ें
4. कोई चीज खरीदने के लिए ई-वॉलेट का उपयोग करने के लिए दुकानदार द्वारा उसके बिक्री केन्द्र पर दिखाया गया मोबाइल नम्बर डालें।

भुगतान हो गया

- यह सुनिश्चित कर लें कि आपने सही राशि और मोबाइल नम्बर डाला है
- वॉलेट के विवरण में जांच कर लें कि वॉलेट से सही राशि कटी है

03 आधार आधारित भुगतान प्रणाली (AEPS)

AADHAAR

दुकानदार से खरीददारी करने के लिए यह सबसे सरल तरीका है

AEPS का उपयोग करके दुकानदार को भुगतान करने के लिए कोई पासवर्ड या पिन याद रखने की आवश्यकता नहीं है। सिर्फ स्कैनर मशीन पर अपनी उँगली रखें – आपके बैंक अकाउन्ट से भुगतान की राशि स्वत: कट जाएगी।

1. खरीददारी की राशि डालें
2. अपना फिंगरप्रिंट दर्ज करने के लिए स्कैनर पर अपनी उँगली रखें

✔ भुगतान हो गया, आपके अकाउन्ट से राशि कट गई

⚠ यह सुनिश्चित कर लें कि आपने सही राशि डाली है

निम्नलिखित सरल प्रक्रिया द्वारा बैंक से लेन-देन जैसेकि फन्ड ट्रांसफर, बैलेंस की की जानकारी प्राप्त करना, कैश जमा करना या निकालना आदि के लिए इस सिस्टम का प्रयोग करें:

1. किसी माइक्रो-एटीएम के पास जाए या बैंक कर्मचारी से संपर्क करें
2. अपने बैंक का नाम और आधार नम्बर बताएं
3. कोई लेन-देन की क्रिया जैसेकि बैलेंस की जानकारी, फंड ट्रांसफर आदि चुनें
4. अपना फिंगरप्रिंट दर्ज करने के लिए स्कैनर पर अपनी उँगली रखें
5. पर्ची लें

✔ लेन-देन पूरा हुआ

04 UPI (यूनाइटेड पेमेंट इंटरफेस)

यह उतना ही सरल है जितना अपने फोन से SMS भेजना

4 सरल प्रक्रियाओं से आपका मोबाइल फोन बैंक बन जाता है

1. अपने बैंक से अपना मोबाइल नम्बर रजिस्टर करें
2. अपने मोबाइल पर बैंकिंग App जैसेकि SBI-Buddy डाउनलोड करें
3. अपना यूनिक आईडी बनाएं
4. अपना यूनिक पिन सेट करें

✔ अब बैंक में जाने की जरूरत नहीं;
कहीं भी – कभी भी बैंक से लेन-देन किया जा सकता है

देश में बिना पैसों के लेन – देन को बढ़ाने हेतु यूपीआई के लिए एक समन्वित प्लैटफॉर्म, भीम (भारत इंटरफेस फॉर मनी) जारी किया गया है। भीम एक सामान्य यूपीआई ऐप है जो सुरक्षित, भरोसेमंद, और लेन – देन के कार्यों को तेजी से करने में सक्षम है।

- फीचर फोन पर भी काम करता है
- मोबाइल नंबर द्वारा सीधे पैसे ट्रांसफर करें
- बैलेंस देखें
- पैसे भेजें / लें
- कई भाषाओं में
- मोबाइल बैंकिंग ऐक्टिवेशन जरूरी नहीं
- क्यूआर कोड द्वारा लेन–देन स्वीकार करता है

प्रमाणीकरण के 3 स्तर

1. पासकोड (ऐप इनस्टॉल करते समय बनाया जाएगा)
2. भुगतान का पता (प्राप्तकर्ता का मोबाइल नंबर या आभासी भुगतान का पता)
3. यूपीआई व्यक्तिगत पहचान नंबर (पिन) का इस्तेमाल लेन–देन में करें

- अपना बैंक अकाउंट सही मोबाइल नंबर के साथ रजिस्टर करें
- भुगतान भेजने के लिए ध्यान से सही मोबाइल नंबर भरें
- अगर कोई समस्या हो तो ग्राहक सेवा (ऐप में उपलब्ध) को कॉल करें
- भीम (ऐप) केवल एक ही बैंक अकाउंट को ऐप के साथ जोड़ता है, जिस बैंक अकाउंट के साथ ऐप को जोड़ना हो, उसका चयन सावधानी से करें
- यदि केवल अपने बैंक से जुड़ी गतिविधियों को जानना चाहते है, तो अपने बैंक द्वारा जारी किया गया UPI ऐप लें जैसे कि SBI Buddy, ICICI Pocket इत्यादि

05 USSD (अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंटरी सर्विस डाटा)

अब आप अपने नोन–स्मार्ट फोन या बेसिक मोबाइल फोन से भुगतान कर सकते हैं।

01 अपने बैंक अकाउन्ट से अपना मोबाइल नम्बर लिंक करें

02 अपने फोन से *99# डायल करें

03 संक्षिप्त नाम के सामने अपने बैंक के प्रथम तीन अक्षर या IFSC के प्रथम चार अक्षर भरें

04 "Fund-Transfer-MMID" विकल्प चुनें

05 प्राप्तकर्ता का मोबाइल नम्बर और MMID डालें

06 राशि और अपना MPIN डालें, एक स्पेस छोड़ें और अपन अकाउन्ट नम्बर के 4 अंक डालें

आपका पैसा ट्रांसफर हो गया!

06 नेट बैंकिंग

इंटरनेट से किसी अन्य के अकाउन्ट में पैसा ट्रांसफर करें

1. अपने इंटरनेट बैंकिंग पेज पर लॉगइन करें
2. आईडी और पासवर्ड डालें
3. फंड ट्रांसफर विकल्प चुनें
4. बैंक का ब्यौरा जैसेकि अकाउन्ट नम्बर, नाम और IFSC कोड डालकर प्राप्तकर्ता चुनें या बनाएं
5. ट्रांसफर की जाने वाली राशि डालें
6. प्राप्तकर्ता की पुष्टी बैंक द्वारा निर्धारित विकल्पों से करें
   - पासवर्ड डालें
   - डेबिट कार्ड पर लिखा हुआ CVV नम्बर डालें
   - OTP डालें
7. राशि की पुष्टि करें और प्राप्तकर्ता के अकाउन्ट में पैसा ट्रांसफर करें

- सही प्राप्तकर्ता को चुनें और ट्रांसफर की जाने वाली सही-सही राशि डालें
- किसी भी परिस्थिति में किसी दूसरे व्यक्ति को ऑन लाइन बैंकिंग पासवर्ड OTP, CVV नम्बर, कार्ड नम्बर न बताएं

आपका पैसा ट्रांसफर हो गया!

ई-रिटेल

डिजिटल लेन–देन का एक उदाहरण

ई-रिटेल से मनपसंद किस्म की अनेक सामग्री आपके दरवाजे पर मिल जाती हैं।

खरीददारी करने की प्रक्रिया

- उपयुक्त ई-रिटेल सर्विस प्रोवाइडर का वेब पेज या Mobile App खोलें

amazon | Flipkart | bigbasket | SHOPCLUES

- उपलब्ध सामानों की सूची से सामान चुनें
- उपयुक्त साइज और मात्रा चुनें
- भुगतान राशि की जांच करें
- सामान देने के लिए पता लिखें
- चेक आउट चुनें
- भुगतान की विधि चुनें
- चुने गए सामानों के अपेक्षित ब्यौरे डालें
- भुगतान की विधि चुनें और सामान आपका हो गया



- उपभोक्ता के सामानों पर वारंटी आदि की जांच करें
- सही मात्रा/वजन/साइज सुनिश्चित करें
- किसी भी परिस्थिति में किसी भी व्यक्ति को CVV नम्बर, कार्ड नम्बर, बैंकिंग पासवर्ड, MPIN, ATM PIN, OTP न बताएं!

डिजिटल लेन-देन के लिए "आवश्यक जानकारी"

याद रखें

- ✓ प्रसिद्ध एन्टीवायरस सॉफ्टवेयर इन्स्टॉल करें
- ✓ Apps डाउनलोड करने के लिए अधिकृत साइट का प्रयोग करें
- ✓ अपना पासवर्ड डालते समय सावधान रहें कि कोई आपके कंधे से झांक न रहा हो
- ✓ फोन/लैपटॉप पर गोपनीय जानकारी कभी न रखें
- ✓ पासवर्ड ऐसा रखे जिसका अनुमान लगाना मुश्किल हों
- ✓ अपने अकाउन्ट विवरण की अक्सर जांच करते रहें

लाभ

- ✓ ATMs के बाहर कोई लम्बी कतार नहीं
- ✓ बैंक में "कैश नहीं" की कोई स्थिति नहीं
- ✓ चेक क्रेडिट होने का कोई इंतजार नहीं
- ✓ बटुए में नगदी पैसा ले जाने का कोई खतरा नहीं
- ✓ नगदी से संबंधित अपराध में कमी

सत्यमेव जयते
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
भारत सरकार

N·S·D·C
National Skill Development Corporation
Transforming the skill landscape

ब्लॉक ए, क्लेरियन कलेक्शन (कुतुब होटल), शहीद जीत सिंह मार्ग,
नई दिल्ली 110016, भारत
टेलीफोन 011 4745 1600 10 | फैक्स 011 4656 0417
वैबसाईट www.nsdcindia.org | ई–मेल qa@nsdcindia.org